# शजरह तय्यिबह

## सिलसिलए आलिया क़ादरिया बरकातिया रज़वीया नूरिया

पीरे तरीक़त शहज़ादा व जानशीने हुज़ूर अमीने शरीअत
हुज़ूर हकीमे शरीअत हज़रत अल्हाज शाह मुफ्ती
**मुहम्मद सलमान रज़ा ख़ान क़ादरी**
बरेलवी मद् दज़िल लहुल आली

७८६/९२

ख़ुशा मस्जिदो मदरसा ख़ानक़ाहे
के दरवै बुवद क़ीलो क़ाले मुहम्मद
सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम

شَجَرَةٌ طَيِّبَةٌ اَصْلُهَا ثَابِتٌ وَّفَرْعُهَا فِي السَّمَآءِ

# शजरह तय्यिबह

## सिलसिलए आलिया क़ादरिया बरकातिया रज़विया नूरिया

पीरे तरीक़त शहज़ादा व जानशीने हुज़ूर अमीने शरीअत
हुज़ूर हकीमे शरीअत हज़रत अल्हाज शाह मुफ्ती
**मुहम्मद सलमान रज़ा ख़ान क़ादरी**
बरेलवी मद् दज़िल लहुल आली

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ
شَجَرَةٌ طَيِّبَةٌ اَصْلُهَا ثَابِتٌ وَّفَرْعُهَا فِي السَّمَاءِ هٰذِهٖ سِلْسِلَتِيْ مِنْ مَّشَائِخِيْ فِي الطَّرِيْقَةِ الْعَلِيَّةِ الْعَالِيَةِ الْقَادِرِيَّةِ الطَّيِّبَةِ الْمُبَارَكَةِ.

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَبَارِكْ عَلٰى سَيِّدِنَا وَمَوْلٰىنَا مُحَمَّدٍ مَّعْدِنِ الْجُوْدِ وَالْكَرَمِ وَاٰلِهِ الْكِرَامِ اَجْمَعِيْنَ ط (1)
- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَبَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ وَعَلَى الْمَوْلَى السَّيِّدِ الْكَرِيْمِ عَلِيِّ نِ الْمُرْتَضٰى كَرَّمَ اللّٰهُ تَعَالٰى وَجْهَهُ الْكَرِيْمَ ط (2)
- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَبَارِكْ عَلٰى سَيِّدِنَا

وَعَلَى الْمَوْلیٰ السَّیِّدِ الْاِمَامِ حُسَیْنِ نِ الشَّهِیْدِ
رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ (3)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْهِ وَعَلَیْهِمْ
وَعَلَى الْمَوْلیٰ السَّیِّدِ الْاِمَامِ عَلِیِّ بْنِ الْحُسَیْنِ
زَیْنِ الْعَابِدِیْنَ رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُمَا (4)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْهِ وَعَلَیْهِمْ
وَعَلَى الْمَوْلیٰ السَّیِّدِ الْاِمَامِ مُحَمَّدِ بْنِ عَلِیِّ بْنِ
الْبَاقِرِ رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُمَا (5)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْهِ وَعَلَیْهِمْ
وَعَلَى الْمَوْلیٰ السَّیِّدِ الْاِمَامِ جَعْفَرِ بْنِ مُحَمَّدِ نِ
الصَّادِقِ رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُمَا (6)

• اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ
وَعَلَی الْمَوْلیٰ السَّیِّدِ الْاِمَامِ مُوْسیٰ بْنِ جَعْفَرِنِ
الْکَاظِمِ رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْھُمَا (7)

• اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ
وَعَلَی الْمَوْلیٰ السَّیِّدِ الْاِمَامِ عَلِیِّ بْنِ مُوسیٰ الرِّضَا
رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْھُمَا (8)

• اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ
وَعَلَی الْمَوْلیٰ الشَّیْخِ مَعْرُوْفِ نِ الْکَرْخِیْ رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْہُ (9)

• اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ
وَعَلَی الْمَوْلیٰ الشَّیْخِ سَرِیِّ نِ السَّقْطِیْ رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْہُ (10)

• اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ

وَعَلَى الْمَوْلیٰ الشَّیْخِ جُنَیْدِنِ الْبَغْدَادِیِّ رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ (11)

- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ وَعَلَى الْمَوْلیٰ الشَّیْخِ اَبِیْ بَکْرِنِ الشِّبْلِیِّ رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ (12)

- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ وَعَلَى الْمَوْلیٰ الشَّیْخِ اَبِی الْفَضْلِ عَبْدِ الْوَاحِدِ التَّمِیْمِیِّ رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ (13)

- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ وَعَلَى الْمَوْلیٰ الشَّیْخِ اَبِی الْفَرَحِ الطَّرْطُوْسِیِّ رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ (14)

- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْہِمْ وَعَلَی الْمَوْلیٰ الشَّیْخِ اَبِی الْحَسَنِ عَلِیِّ نِ الْقَرشِیِّ الْھَکَّارِیِّ رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ (15)

- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْہِمْ وَعَلَی الْمَوْلیٰ الشَّیْخِ اَبِیْ سَعِیْدِ نِ الْمَخْزُوْمِیِّ رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ (16)

- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْہِمْ وَعَلَی الْمَوْلیٰ السَّیِّدِ الْکَرِیْمِ غَوْثِ الثَّقَلَیْنِ وَ غَیْثِ الْکَوْنَیْنِ الْاِمَامِ اَبِیْ مُحَمَّدٍ عَبْدِ الْقَادِرِ الْحَسَنِیِّ الْحُسَیْنِیِّ الْجِیْلَانِیِّ صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلٰی جَدِّہٖ الْکَرِیْمِ وَعَلَیْہِ وَعَلٰی مَشَائِخِہٖ الْعِظَامِ

وَاُصُوْلِهِ الْكِرَامِ وَفُرُوْعِهِ الْفِخَامِ وَمُحِبِّيْهِ وَالْمُنْتَمِيْنَ اِلَيْهِ اِلٰى يَوْمِ الْقِيَامِ وَبَارَكَ وَسَلَّمَ اَبَدًا (17)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَبَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ وَعَلَى الْمَوْلَى السَّيِّدِ اَبِيْ بَكْرٍ تَاجِ الْمِلَّةِ وَالدِّيْنِ عَبْدِ الرَّزَّاقِ رَضِىَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ (18)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَبَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ وَعَلَى الْمَوْلَى السَّيِّدِ اَبِيْ صَالِحٍ نَصْرٍ رَضِىَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ (19)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَبَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ وَعَلَى الْمَوْلَى السَّيِّدِ مُحِيِّ الدِّيْنِ اَبِيْ نَصْرٍ رَضِىَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ (20)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَبَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ

وَعَلَى الْمَوْلَى السَّيِّدِ عَلِيّ رَضِيَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ (21)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ وَعَلَى الْمَوْلَى السَّيِّدِ مُوْسٰی رَضِيَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ (22)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ وَعَلَى الْمَوْلَى السَّيِّدِ حَسَنٍ رَضِيَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ (23)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ وَعَلَى الْمَوْلَى السَّيِّدِ اَحْمَدَ الْجِيْلَانِیْ رَضِيَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ (24)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ وَعَلَى الْمَوْلَى الشَّيْخِ بَهَاءِ الدِّيْنِ رَضِيَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ (25)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ

وَعَلَى الْمَوْلَى السَّيِّدِ اِبْرَاهِيْمَ الْاِيْرَجِيِّ رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ (26)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ
وَعَلَى الْمَوْلَى الشَّيْخِ مُحَمَّدٍ بِهْكَارِیْ رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ (27)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ
وَعَلَى الْمَوْلَى الْقَاضِیْ ضِيَاءِ الدِّيْنِ الْمَعْرُوْفِ
بِالشَّيْخِ جِيَا رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ (28)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ
وَعَلَى الْمَوْلَى الشَّيْخِ جَمَالِ الْاَوْلِيَاءِ رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ (29)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ
وَعَلَى الْمَوْلَى السَّيِّدِ مُحَمَّدٍ رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ (30)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ
وَعَلَى الْمَوْلَى السَّيِّدِ اَحْمَدَ رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ (31)

- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ وَعَلَی الْمَوْلیَ السَّیِّدِ فَضْلِ اللہِ رَضِیَ اللہُ تَعَالٰی عَنْہُ (32)
- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ وَعَلَی الْمَوْلیَ السَّیِّدِ الشَّاہْ بَرَکَۃِ اللہِ رَضِیَ اللہُ تَعَالٰی عَنْہُ (33)
- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ وَعَلَی الْمَوْلیَ السَّیِّدِ الشَّاہْ اٰلِ مُحَمَّدٍ رَضِیَ اللہُ تَعَالٰی عَنْہُ (34)
- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ وَعَلَی الْمَوْلیَ السَّیِّدِ الشَّاہْ حَمزَۃَ رَضِیَ اللہُ تَعَالٰی عَنْہُ (35)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ وَعَلَى الْمَوْلَى السَّيِّدِ الشَّاهْ اَبِی الْفَضْلِ شَمْسِ الْمِلَّةِ وَ الدِّيْنِ اٰلِ اَحْمَدْ اَچّھے مِيَاں رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ (36)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ وَعَلَى الْمَوْلَى السَّيِّدِ الْكَرِيْمِ الشَّاهْ اٰلِ رَسُوْلِ الْاَحْمَدِيْ رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ (37)

- اَللّٰهُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ وَعَلَى الْمَوْلَى الْكَرِيْمِ سِرَاجِ السَّالِكِيْنَ نُوْرِ الْعَارِفِيْنَ سَيِّدِیْ اَبِی الْحُسَيْنِ اَحْمَدَ النُّوْرِیِّ الْمَارَهْرَوِیِّ رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُمْ وَاَرْضَاهُ عَنَّا (38)

- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ وَعَلَى الْمَوْلَى الْهُمَامِ اِمَامِ اَهْلِ السُّنَّةِ مُجَدِّدِ الشَّرِيْعَةِ الْعَاطِرَةِ مُؤَيِّدِ الْمِلَّةِ الطَّاهِرَةِ حَضْرَةِ الشَّيْخِ اَحْمَدْ رَضَا خَانْ رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ بِالرِّضَا السَّرْمَدِیِّ (39)

- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ جَمِيْعًا وَّعَلَى الشَّيْخِ زُبْدَةِ الْاَتْقِيَاءِ الْمُفْتِی الْاَعْظَمِ بِالْهِنْدِ مَوْلَانَا مُحَمَّدْ مُصْطَفٰى رَضَا خَانِ الْقَادِرِیْ رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ (40)

- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِكْ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ جَمِيْعًا وَّعَلَى الشَّيْخِ اَمِيْنِ الشَّرِيْعَةِ مَوْلَانَا مُحَمَّدْ

سِبْطَیْنَ رَضَا خَانِ الرَّضْوِی الْبَرِیْلَوِی رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ (41)

- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ جَمِیْعًا وَّعَلٰی عَبْدِکَ الْفَقِیْرِ مُحَمَّدْ سَلْمَانْ رَضَا خَانِ الْقَادِرِیِّ غُفِرَ لَہٗ وَلِوَالِدَیْہِ۔
- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ جَمِیْعًا وَّعَلٰی عَبْدِکَ ________________

________________

- اَللّٰھُمَّ صَلِّ وَسَلِّمْ وَ بَارِکْ عَلَیْہِ وَعَلَیْھِمْ جَمِیْعًا وَّعَلٰی سَآئِرِ اَوْلِیَآئِکَ وَ عَلَیْنَا بِھِمْ وَ لَھُمْ وَ فِیْھِمْ وَمَعَھُمْ یَا اَرْحَمَ الرَّاحِمِیْنَ ۔۔۔ آمِیْنَ۔

## इलाही बेहुरमते ईं मशाइख़ आक़ेबते बंदाए ख़ुद

______________________________

______________________________ गुफिरलहू

साकिन ______________________ बख़ैर गरदाँ

दस्तख़त

तारीख़ ______________________

# क़ादिरी बुज़ुर्गों के विसाल की तारीख़ें

1) रसूले अकरम मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम
(12 रबीलउल अव्वल शरीफ 11 हिजरी, मदीना शरीफ)

2) सैय्यदिना अली मुर्तज़ा कर्रमल्लाहु वज्हहु
(21 रमज़ानुल मुबारक 40 हिजरी, नजफ शरीफ)

3) सैय्यदिना इमाम हुसैन रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(10 मोहर्रमुलहराम 61 हिजरी, करबला शरीफ)

4) सैय्यदिना इमाम ज़ैनुल अबिदीन सज्ज़ाद रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(18 मोहर्रमुल हराम 94 हिजरी, मदीना शरीफ)

सैय्यदिना इमाम मुहम्मद बाकीर रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(7 ज़िल हिज्ज़ा 114 हिजरी, मदीना शरीफ)

6) सैय्यदिना इमाम जाफर सादिक़ रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(15 रजबुल मुरज़्ज़ब 148 हिजरी, मदीना शरीफ)

7) सैय्यदिना इमाम मुसा काज़िम रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(5 रजबुल मुरज़्ज़ब 182 हिजरी, मदीना शरीफ)

8) सैय्यदिना इमाम अली रज़ा रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(29 रमज़ानुल मुबारक 203 हिजरी, मशहद शरीफ)

9) सैय्यदिना शैख माअरुफ करख़ी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(2 मोहर्रमुल हराम 205 हिजरी, ब़गदाद शरीफ)

10) सैय्यदिना सरी सकती रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(13 रमज़ानुल मुबारक 253 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

11) शैख जुनैद बगदादी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(27 रजबुल मुरज्जब 297 या 96 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

12) सैय्यदिना अबुबक्र अब्दुल्लाह शिबली रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(27 ज़िल हिज्ञा 334 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

13) सैय्यदिना अब्दुल वाहिद तमीमी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(26 जमादिल आखीर 425 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

14) सैय्यदिना अबुलफरह तरतोसी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(3 शाबानुल मुअज़्ज़म 447 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

15) सैय्यदिना अबील हसन हक्कारी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(1 मोहर्रमुल हराम 486 हिजरी, ब़गदाद शरीफ)

16) सैय्यदिना अबी सईद रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(7 शाबानुल मोअज़्ज़म 513 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

17) सैय्यदिना अब्दुल कादीर जीलानी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(11 या 17 रबीउल आखीर 561 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

18) सैय्यदिना ताजुददीन अब्दुल रज़्ज़ाक रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(6 शव्वालुल मुकर्रम 623 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

19) सैय्यदिना अहमद अबुसालेहा नस्र रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(27 रजबुल मुरज्जब 632 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

20) सैय्यदिना मुहियुददीन अबु अब्दुल्लाह मुहम्मद रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(27 रबीउल अव्वल 656 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

21) सैय्यदिना अली क़ादरी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(23 शव्वालुल मुकर्रम 739 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

22) सैय्यदिना मुसा क़ादरी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(13 रजबुल मुरज्जब 763 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

23) सैय्यदिना हसन क़ादरी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(26 सफरुल मुज़फ्फर 781 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

24) सैय्यदिना अहमद जीलानी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(16 या 19 मोहर्रमुल हराम 853 हिजरी, बग़दाद शरीफ)

25) सैय्यदिना बहाउददीन रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(11 ज़िल हिज्जा 921 हिजरी, दौलताबाद, दकन)

26) सैय्यदिना इब्राहिम इरजी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(5 रबीउस्सानी 953 हिजरी, देहली शरीफ)

27) सैय्यदिना शैख मुहम्मद भिकारी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(9 ज़िलकदा 981 हिजरी, काकोरी शरीफ)

28) सैय्यदिन ज़ियाउददीन रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(21 रजबुल उल मुरज्ज़ब 989 हिजरी, देहली शरीफ)

29) सैय्यदिना अबु मुहम्मद अब्दुल अज़ीज़ जमालुल औलिया रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(30 रमज़ानुल मुबारक 1047 हिजरी, कौडा जहाँबाद शरीफ)

30) सैय्यदिना मीर मुहम्मद काल्पवी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(8 शाबानुल मोअज़्ज़म 1071 हिजरी, कालपी शरीफ)

31) सैय्यदिना मीर अहमद काल्पवी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(19 सफरुल मुज़फ्फर 1084 हिजरी, कालपी शरीफ)

32) सैय्यदिना शाह फज़लुल्लाह काल्पवी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(14 ज़िलकदा 1111 हिजरी, कालपी शरीफ)

33) सैय्यदिना शाह बरकातुल्लाह रज़िअल्लाहु तआला अन्हो
(10 मोहर्रमुल हराम 1143 हिजरी, मारैहरा शरीफ )

34) सैय्यदिना शाह आले रसुल मुहम्मद रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(16 रमज़ानुल मुबारक 1164 हिजरी, मारैहरा शरीफ )

35) सैय्यदिना शाह हमज़ा रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(14 रमज़ानुल मुबारक 1198 हिजरी, मारैहरा शरीफ)

36) सैय्यदिना शाह आले अहमद अच्छे मियां रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(17 रबिउल अव्वल 1235 हिजरी, मारैहरा शरीफ )

37) सैय्यदिना आले रसुल रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(18 ज़िलहिज्ज्ञा 1296 हिजरी, मारैहरा शरीफ)

38) सैय्यदिना शाह अबुल हुसैन अहमद नुरी रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(11 रज़्बुल मुरज़्ब 1324 हिजरी, मारैहरा शरीफ)

39) सैय्यदिना आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा खां रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(25 सफरुल मुज़फ्फर 1340 हिजरी, बरेली शरीफ)

40) सैय्यदिना हज़रत ज़ुबदतुल अतिकीया सैय्यदना हुज़ुर मुफ्ती ए आज़म हिंद मुहम्मद मुस्तफा रज़ा खां रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(14 मोहर्रमुल हराम 1401 हिजरी, बरेली शरीफ)

41) सैय्यदिना अमीने शरीयत मुहम्मद सिब्तैन रज़ा खां रज़िअल्लाहु तआला अन्हो

(26 मोहर्रमुल हराम 1437 हिजरी, कांकर टोला, बरेली शरीफ)

# शजरए आलिया

## हज़राते आलिया क़ादरीया बरकातिया रज़विया नूरिया

رِضْوَانُ اللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْهِمْ اَجْمَعِیْنَ اِلٰی یَوْمِ الدِّیْنَ

या इलाही रहम फ़रमा मुस्तफ़ा के वास्ते
या रसूलल्लाह करम कीजिये खुदा के वास्ते

मुश्किलें हल कर शहे मुश्किल कुशा के वास्ते
कर बलाएँ रद्द शहीदे करबला के वास्ते

सय्यिदे सज्जाद के सदक़े में साजिद रख मुझे
इल्मे हक़ दे बाक़िरे इल्मे हुदा के वास्ते

सिद्क़े सादिक़ का तसद्दुक़ सादिक़ुल इस्लाम कर
बे गज़ब राज़ी हो काज़िम और रज़ा के वास्ते

बहरे मअरूफ़ो सरी मअरूफ़ दे बे खुद सरी
जुन्दे हक़ में गिन जुनैदे बा सफ़ा से वास्ते

बहरे शिबली शेरे हक़ दुनिया के कुत्तों से बचा
एक का रख अब्दे वाहिद बे रिया के वास्ते

बुल फ़रह का सदक़ा कर ग़म को फ़रह दे हुस्नो सअद
बुल हसन और बू सईदे सअदज़ा के वास्ते

क़ादरी कर क़ादरी रख क़ादरियों में उठा
क़द्रे अब्दुल क़ादिरे क़ुदरत नुमा के वास्ते

اَحۡسَنَ اللّٰهُ لَهٗ رِزۡقًا से दे रिज़्क़े हसन
बन्दए रज़्ज़ाक़ ताजुल असफ़िया के वास्ते

नस्र अबी सालेह का सदक़ा सालेह व मन्सूर रख
दे हयाते दीं मुहिय्ये जाँ फ़िज़ा के वास्ते

तुरे इरफानो उलुव्वो हम्दो हुस्रा व बहा
दे अली मुसा हसन अहमद बहा के वास्ते

बहरे इब्राहीम मुझ पर नारे ग़म गुलज़ार कर
भीक दे दाता भिकारी बादशाह के वास्ते

ख़ानए दिल को ज़िया दे रूए ईमाँ को जमाल
शह ज़िया मौला जमालुल औलिया के वास्ते

दे मोहम्मद के लिए रोज़ी कर अहमद के लिए
ख़्वाने फ़ज़लुल्लाह से हिस्सा गदा के वास्ते

दीनो दुनिया की मुझे बरकात दे बरकात से
इश्क़े हक़ दे इश्क़िए इश्क़ इन्तिमा के वास्ते

हुब्बे अहले बैत दे आले मोहम्मद के लिए
कर शहीदे इश्क़ हमज़ा पेशवा के वास्ते

दिल को अच्छा तन को सुथरा जान को पुर नूर कर
अच्छे प्यारे शम्सेदी बदरुल उला के वास्ते

दो जहाँ में ख़ादिमे आले रसूलुल्लाह कर
हज़रते आले रसूले मुक़तदा के वास्ते

नूरे जानो नूरे ईमाँ नूरे क़ब्रो हश्र दे
बुल हुसैने अहमदे नूरी लिक़ा के वास्ते

कर अता अहमद रज़ा ए अहमदे मुर्सल मुझे
मेरे मौला हज़रते अहमद रज़ा के वास्ते

साया ए जुमला मशाइख़ या खुदा हम पर रहे
रहम फ़रमा आले रहमाँ मुस्तफ़ा के वास्ते

या इलाही ग़ौसे आज़म के गुलामो में कर क़बुल
हम शबीहे गौसे आज़म मुस्तफा के वास्ते

या इलाही दे मुझे सिब्तैन व अहमद की रज़ा
मेरे आक़ा शाह सिब्तैन रज़ा के वास्ते

दो जहाँ में सुर्ख़ रू रख हज़रते सलमान को
रहम फरमा उनपे जुमला औलिया के वास्ते

सदक़ा इन आयाँ का दे छेह ऐन इज़, इल्मो अमल
अफ्वो इरफाँ आफियत इस बेनवा के वास्ते

• • •

# फातेहा ए सिलसिला

ये शजरा मुबारक हर रोज़ बाद नमाज़े सुबह एक बार पढ़ लिया करें, बावुज़ू दुरूदे ग़ौसिया सात बार, अल्हम्द शरीफ़ एक बार, फिर दुरूदे ग़ौसिया तीन बार पढ़ कर इस का सवाब इन तमाम मशाइख़े किराम की अरवाहे तय्यिबाह की नज़्र करें। जिस के हाथ पर बैअत की है अगर वो ज़िन्दा है तो उन के लिए दुआए आफ़ियत व सलामत करें वरना उन का नाम भी शामिले फ़ातिहा करें।

## दुरुदे गौसिया ये है

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا وَمَوْلَانَا مُحَمَّدٍ
مَّعْدِنِ الْجُوْدِ وَالْکَرَمِ وَاٰلِهٖ وَبَارِكْ وَسَلِّمْ

# पंज गंज क़ादरी

| | |
|---|---|
| बाद नमाज़े सुबह | يَاعَزِيْزُ يَااللّٰهُ |
| बाद नमाज़े ज़ोहर | يَاكَرِيْمُ يَااللّٰهُ |
| बाद नमाज़े अस्र | يَاجَبَّارُ يَااللّٰهُ |
| बाद नमाज़े मग़रिब | يَاسَتَّارُ يَااللّٰهُ |
| बाद नमाज़े इशा | يَاغَفَّارُ يَااللّٰهُ |

सब सौ सौ बार, अव्वल व आख़िर तीन तीन बार दुरूद शरीफ़ इस की मुदावमत (बे हिसाब पढ़ने) से बे शुमार बरकाते दीनो दुनिया ज़ाहिर होंगी।

## बाद नमाज़े फ़ज्र सूरज निकलने से पहले और बाद नमाज़े मग़रिब

حَسْبِيَ اللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ عَلَيْهِ تَوَكَّلْتُ وَهُوَ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيْمِ — दस बार

رَبِّ اِنِّيْ مَسَّنِيَ الضُّرُّ وَاَنْتَ اَرْحَمُ الرّٰحِمِيْنَ — दस बार

رَبِّ اِنِّيْ مَغْلُوْبٌ فَانْتَصِرْ — दस बार

سَيُهْزَمُ الْجَمْعُ وَيُوَلُّوْنَ الدُّبُرَ — दस बार

اَللّٰهُمَّ اِنَّا نَجْعَلُكَ فِيْ نُحُوْرِهِمْ وَنَعُوْذُبِكَ مِنْ شُرُوْرِهِمْ — दस बार

इस को हमेशा पढ़ने से सब काम बनेंगे। दुश्मन मग़लूब रहेंगे।

# क़ज़ाए हाजात हुसुले ज़फर मग़लुबीए दुशमनाँ

1. اَللّٰهُ رَبِّيْ لَاشَرِيْكَ لَهٗ आठ सौ चौहत्तर बार (874) अव्वल व आख़िर (11-11) मर्तबा दुरूद शरीफ़ इस मुक़र्ररा मिक़दार के मुताबिक़ बा वज़ू क़िबला रूख़ दो ज़ानु बैठ कर रोज़ाना ता हुसूले मुराद पढ़ें और इसी कलमे को उठते, बैठते, चलते, फिरते, वज़ू, बे वज़ू हर हाल में बे गिन्ती बे शुमार पढ़ते रहें।

2. حَسْبُنَا اللّٰهُ وَنِعْمَ الْوَكِيْلُ चार सौ पचास बार (450) रोज़ाना ता हुसूले मुराद, अव्वल व आख़िर दुरूद शरीफ़ ग्यारह-ग्यारह (11-11) बार जिस वक़्त घबराहट हो इस कलमे की बे शुमार तकसीर करें (कसरत से पढ़ें)।

3. बाद नमाज़े इशा एक सौ ग्यारह (111) बार

## तुफ़ैले हज़रत दस्तगीर - दुश्मन होवे ज़ेर

अव्वल व आख़िर ग्यारह - ग्यारह (11-11) बार दुरूद शरीफ़ ता हुसूले मुराद, ये तीनों अमल उपर बयान किए हुए कामों के लिए निहायत मुजर्रब व सहलुल हुसूल हैं। इन से ग़फ़लत ना की जाए। जब कोई हाजत पेश आए तो हर एक इतने इतने मुक़र्ररा तादाद पर पढ़ा जाए। पहले और दूसरे के लिए कोई वक़्त मुक़र्रर नहीं जिस वक़्त चाहें पढ़ें और तीसरे का वक़्त बाद नमाज़े इशा है।

जब तक मुराद पूरी न हो तीनों इसी तरकीब से पढ़े और जिस ज़माने में कोई ख़ास हाजत दर पेश न हो पहले और दूसरे को रोज़ाना सौ सौ बार पढ़ लिया करें। अव्वल व आख़िर तीन तीन बाद दुरूद शरीफ़।

# ज़रुरी हिदायत

1) मज़हबे अहलेसुन्नत व जमाअत पर क़ाइम रहें जिस पर उलमाए हरमैन शरीफ़ैन हैं (इस से मुराद वो उल्माए हरमैन शरीफ़ैन हैं जिन्होंने देवबन्दियों और वहाबियों वग़ैरहुम पर फ़तवा सादिर फ़रमाया जिस्की तफ़सील हुसामुल हरमैन शरीफ मुसन्नाफ़ा आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा रदियल्लाहु तआला अन्हु में है)। सुन्नियों के जितने मुख़ालिफ़ मसलन वहाबी, देवबन्दी, राफ़ज़ी, तबलीग़ी, मौदूदी, नदवी, नेचरी, ग़ैर मुक़ल्लिद, क़ादियानी वग़ैरुहुम हैं सब से जुदा रहें और सब को अपने दुश्मन और मुख़ालिफ़ जानें, इन की बात न सुनें, इन के पास न बैठें, इन की कोई तहरीर न देखें कि शैतान को मआज़ल्लाह दिल में वसवसा डालते कुछ देर नहीं लगती। आदमी को जहाँ माल या आबरू का अन्देशा हो हरगिज़ न जाएगा। दीनो ईमान सब से ज़्यादा अज़ीज़ चीज़ है। इनकी हिफ़ाज़त में हद से ज़्यादा कोशिश फ़र्ज़ है। माल और दुनिया की इज़्ज़त दुनिया की ज़िन्दगी दुनिया ही तक हैं। दीनो ईमान से

हमेशगी के घर में काम पड़ता है। इन की फ़िक्र सब से ज़्यादा लाज़िम है।

2) नमाज़े पंजगाना की पाबंदी निहायत ज़रूरी है। मर्दों को मस्जिद में जमाअत के साथ अदा करना वाजिब है, बे नमाज़ी मुसलमान गोया तसवीर का आदमी है कि ज़ाहिरी सूरत इन्सान की मगर इन्सान का काम कुछ नहीं है। बे नमाज़ी वही नहीं है जो कभी न पढ़े बल्कि जो एक वक़्त की भी क़सदन खो दे बे नमाज़ी है। किसी की नौकरी मुलाज़मत ख़्वाह तिजारत वग़ैरा किसी हाजत के तहेत नमाज़ क़ज़ा कर देनी सख़्त ना शुक्री, परले सिरे की नादानी है। कोई आक़ा यहाँ तक कि काफ़िर का भी अगर नौकर कोई हो अपने मुलाज़िम को नमाज़ से बाज़ नहीं रख सकता और अगर मना करे तो ऐसी नौकरी हरामे क़तई है और कोई वसीलए रिज़्क़ नमाज़ खो कर बरकत नहीं ला सकता है। रिज़्क़ तो उस के हाथ में है जिस ने नमाज़ फ़र्ज़ की है और उसके तर्क करने पर ग़ज़ब फ़रमाता है।

*(अल अयाज़ बिल्लाहि तआला)*

3) जितनी नमाज़ें क़ज़ा हो गई हैं सब का ऐसा हिसाब कि तख़मीने में बाक़ी न रह जाएं, ज़्यादा हो जाएँ तो हर्ज नहीं और वो सब बक़द्रे ताक़त रफ़्ता रफ़्ता निहायत जल्द अदा करें, काहिली न करें कि मौत का वक़्त मालूम नहीं और जब तक फ़र्ज़ ज़िम्मा पर बाक़ी होता है कोई नफ़्ल कुबूल नहीं किया जाता। क़ज़ा नमाज़ें जब मुतअद्दिद हो जाएँ मसलन सौ बार की फ़र्ज़ क़ज़ा है तो हर बार यूँ निय्यत करें कि सब में पहली वो फ़ज्र जो मुझ से क़ज़ा हुई। यानी जब एक अदा हुई तो बाक़ियों में जो सब से पहली है। इसी तरह ज़ोहर वग़ैरा हर नमाज़ में निय्यत करें। क़ज़ा में फ़क़त फ़र्ज़ और वित्र यानी हर दिन और रात की बीस (20) रकात अदा की जाती है।

4) जितने रोज़े भी क़ज़ा हुए हों दूसरा रमज़ान आने से पहले अदा कर लिए जाएँ कि हदीस शरीफ में है कि जब तक पिछले रमज़ान के रोज़ों की क़ज़ा न कर ली जाए अगले रोज़े कुबूल नहीं होते.

5) जो साहिबे माल हैं ज़कात भी दें। जितने बरसों की न दी हो फ़ौरन हिसाब कर के अदा करें। हर साल की

ज़कात साल तमाम होने से पहले दे दिया करें। साल तमाम होने के बाद देर लगाना गुनाह है। लिहाज़ा शुरू साल से रफ़्ता रफ़्ता देते रहें। साल तमाम पर हिसाब करें। अगर पूरी अदा हो गई तो बेहतर वर्ना जितनी बाक़ी हो फ़ौरन दे दें और अगर कुछ ज़्यादा निकल गया है तो वो आइन्दा साल में जोड लें। अल्लाह अज़्ज़ व जल्ल किसी का नेक काम ज़ाया नहीं करता।

6) साहिबे इस्तेताअत (जिसे ताक़त हो उस) पर हज भी फ़र्ज़े आज़म है। अल्लाह अज़्ज़ व जल्ल ने इस की फ़र्ज़ियत बयान कर के फ़रमाया।

وَمَنْ كَفَرَ فَإِنَّ اللَّهَ غَنِيٌّ عَنِ الْعٰلَمِيْنَ

*तरजुमा :* "और जो कुफ़्र करे तो अल्लाह सारे जहान से बे परवाह है"। नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने तारिके हज (हज छोड़ने वाले) को फ़रमाया है कि चाहे यहूदी हो कर मरे या नसरानी हो कर। (वल अयाज़ बिल्लाहि तआला) अन्देशों के बाइस बाज़ न रहे।

7) किज़्ब, फ़हेश, चुग़ली, ग़ीबत, ज़िना, लिवातत, ज़ुल्म,

ख़यानत, रिया (इबादत में दिखावा), तकब्बुर, दाढ़ी मुंडाना या कतरवाना, फ़ासिक़ों की वज़े पहेनना, हर बुरी ख़सलत से बचें। जो इन सात बातों का हामिल रहेगा। अल्लाह व रसूल के वादे से उस के लिए जन्नत है (जल्ल जलालुहू व सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम) आमीन।

**बाद नमाज़े पंजगाना कब्ल शुरू पंज गंजे क़ादरी पढ़ें :**

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ

وَالشَّمۡسَ وَالۡقَمَرَ وَالنُّجُوۡمَ مُسَخَّرٰتٍۭ بِاَمۡرِہٖ ؕ اَلَا لَہُ الۡخَلۡقُ وَالۡاَمۡرُ ؕ تَبٰرَکَ اللّٰہُ رَبُّ الۡعٰلَمِیۡنَ ؕ

गिर्दे मन, गिर्दे ख़ानए मन व गिर्दे ज़नो फ़र्ज़न्दाने मन व गिर्दे मालो दोस्ताने मन हिसारे हिफ़ाज़ते तू शवद तू निगेहदार बाशी या अल्लाह बेहक़्क़े सुलैमानब्ने दाऊद अलैहिमस्सलाम अहयन अशराहियन बेहक़्क़े अलीक़म मलीक़न तलीक़न अन्ता तअलमो माफिल कुलूब व बेहक़्क़े ला इलाहा इललल्लाह मुहम्मदुर रसूलल्लाह व बेहक़्क़े या मोअमेनो या मुहयमिनो सल्लल्लाहो तआला अलैहे व आलेहि व सहबेही वसल्लिम।

एक बार पढ़ कर अंगुश्ते शहादत पर दम कर के तीन बार अपने सीधे कान की जानिब ब नियते हिसार कलमे की उंगली से हलक़ा खींचा करें (गोल दायरा करें)। हर वक़्त ऐसा ही करें। फिर उस वक़्त का अमल पंज गंज से शुरू करें और अगर हर वक़्त की पंज गंज के अमल के बाद يَا بَاسِطُ (72) बार और इज़ाफ़ा करें तो और बेहतर है और अगर चाहें तो

वक़्ते फ़ज्र — يَا حَيُّ يَا قَيُّوْمُ لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ سُبْحٰنَكَ اِنِّیْ كُنْتُ مِنَ الظّٰلِمِیْنَ

वक़्ते ज़ोहर — يَا حَيُّ يَا قَيُّوْمُ بِرَحْمَتِكَ اَسْتَغِيْثُ

वक़्ते अस्र — حَسْبُنَا اللّٰهُ وَنِعْمَ الْوَكِيْلُ

वक़्ते मग़रिब — رَبِّ اِنِّیْ مَسَّنِیَ الضُّرُّ وَاَنْتَ اَرْحَمُ الرّٰحِمِیْنَ

वक़्ते इशा — وَاُفَوِّضُ اَمْرِیْۤ اِلَى اللّٰهِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ بَصِيْرٌۢ بِالْعِبَادِ

हर वक़्त एक सौ ग्यारह (111) बार, अव्वल व आख़िर ग्यारह-ग्यारह बार दुरूद शरीफ़ और रात के वक़्त दुरूदे ग़ौसिया शरीफ़ (500) बार और इज़ाफ़ा करें कि पंज गंज ख़ास हो जाए।

अव्वल व आख़िर ग्यारह-ग्यारह बार दुरूद शरीफ़ या कम अज़ कम तीन तीन बार शब को सोते वक़्त भी ये हिसार पढ़ा करें और अंगुश्ते शहादत पर दम कर के मकान के हिसार की निय्यत से अपने इर्द गिर्द हाथ लंबा कर के चौ तरफ़ा हलक़ा खींचें। फिर चित लेट कर घुटने खड़े कर के दोनों हाथ दुआ की तरह फैलाए हुए सीने पर रख कर आयतल कुर्सी शरीफ़ एक बार, चारों क़ुल तरतीब के साथ, सिर्फ़ क़ुल हुवल्लाह तीन बार बाक़ी एक एक बार पढ़ा करें और हाथों पर दम कर के अपने सर से पाओं तक आगे, पीछे, दाएँ, बाएँ तमाम जिस्म पर हाथ फेर के दाहिनी करवट पर सोया करें। छोटे बच्चे जो खुद नहीं पढ़ सकते, उन के बड़ों में से कोई अपने हाथों पर दम कर के उन के जिस्म पर हाथ फेरा करें।

सूरए वाक़िआ और सूरए यासीन और सूरए मुल्क याद कर लें। ये तीनों सूरतें भी बिला नाग़ा सोते वक़्त शब में पढ़ लिया करें। जब तक कि हिफ़्ज़ याद न हों क़ुरआने अज़ीम से देख कर पढ़ें। ये सब पढ़ने के बाद फिर कोई बात न की जाए, चुप सो रहें। शब में अगर ज़रूरी बात करना ही हो तो बात कर लें। फिर सूरए काफ़िरून एक बार पढ़ कर चुपके सो जाएँ इन शा अल्लाह तआला बलाओं से मेहफ़ूज़ रहेंगे। दुश्मन दफ़ा होंगे, मुरादें हासिल होंगी, रिज़्क़े हलाल वसीअ होगा। फ़ाक़ा की मुसीबत से मेहफ़ूज़ रहेंगे और ख़ुदा नसीब फ़रमाए दौलते बेदार दीदारे फ़ैज़ आसार, सरकारे अबद क़रार, हुज़ूर सय्यिदे अबरार सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से इन शा अल्लाह मुस्तफ़ीज़ होने की क़वी उम्मीद रखें। इन शा अल्लाह तआला ख़ातमा ईमान पर होगा, अज़ाब से बचे रहेंगे मगर सही पढ़ना शर्त है। क़ुरआने अज़ीम जो सही न पढ़ता हो उस पर फ़र्ज़ है कि जल्द पढ़ना सीखे। हर हर्फ़ को उस के सही मख़रज से निकाले।

## ज़िक्रे नफी व इस्बात

| | |
|---|---|
| لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ | 200 बार |
| اِلَّا اللّٰهُ | 400 बार |
| اَللّٰهُ اَللّٰهُ | 600 बार |

अव्वल व आख़िर दुरूद शरीफ़ तीन तीन बार.

## तरकीबे ज़िक्रे जहर

ज़िक्रे जहर से पहले दस बार दुरूद शरीफ़. दस बार इस्तिग़फार तीन बार ये आयत

فَاذْكُرُوْنِيْٓ اَذْكُرْكُمْ وَاشْكُرُوْا لِيْ وَلَا تَكْفُرُوْنِ

पढ़ कर अपने ऊपर दम करे फिर ज़िक्रे जहर शुरू करे। **ला इलाहा इलल्लाह** 200 बार, **इलल्लाह** 400 बार, **अल्लाहु अल्लाहु** 600 बार। ये कुल बारह तस्बीह का ज़िक्र है। इस के बाद **हक़ हक़** 100 बार या कमो बेश बतौरे सेह (3) ज़रबी या चहार (4) ज़रबी।

# याद दहानी

याद दारी कि वक़्ते ज़ादने तू
हमा खन्दाँ बुदन्द तू गिरयाँ
आँ चुना ज़ीस्त के वक़्ते मुर्दने तू
हमा गिर्यां शवन्द तू खन्दाँ

**ऐ अज़ीज़।** याद रख तेरी पैदाइश के वक़्त सब हंसते थे मगर तू रो रहा था। ऐसा जीना जी के तेरी मौत के वक़्त सब रोते हों और तू हंस्ता हो। तू अगर इख़्लास से यादे इलाही में आहो ज़ारी करता रहे। हिजरे हबीब व फ़िराक़े मेहबूब में दिल तपाँ, सीना बिरयाँ, गिरया कुनाँ रहे तो ज़रूर ज़रूर वक़्ते इन्तेक़ाल विसाले मेहबूब पा कर शादो फ़रहाँ और तेरे फ़िराक़ पर मख़लूक़ नालाँ वो परेशाँ होगी।

**ऐ अज़ीज़।** अपने ये अहद याद रख जो तूने ख़ुदा से उस के इस नाचीज़ गुनहगार बन्दे के हाथ में हाथ दे कर किए हैं और इस फ़क़ीर बे तौक़ीर के लिए भी दुआ कर के जैसी चाहिए वैसी पाबंदीए एहकामे ख़ुदा

वन्दी में जियूँ। ता दमे वापसी ऐसी पाबंदी करता रहूँ।

**ऐ अज़ीज़।** तू ने अहद किया है कि तू मज़हबे मुहज़्ज़ब अहलेसुन्नत पर क़ाइम रहेगा। हर बद मज़हब की सोहबत से बचता रहेगा। इस पर सख़्ती से क़ाइम रहना لَا تَمُوْتُنَّ اِلَّا وَاَنْتُمْ مُسْلِمُوْنَ याद रखना।

**ऐ अज़ीज़।** याद रख तूने अहद किया है कि तू नमाज़, रोज़े हर फ़र्ज़ और वाजिब को भी इन के वक़्तों पर अदा करता रहेगा और गुनाहों से बचता रहेगा। ख़ुदा करे तू अपने अहद पर क़ाइम रहे। अहद तोड़ना हराम है और सख़्त ऐब और निहायत बुरा काम है। वफ़ाए अहेद लाज़िम है। अगर चे किसी अदना से अदना मख़्लूक़ से किया हो ये अहद तो तूने ख़ालिक़े जल्ला व आला से किए हैं।

**ऐ अज़ीज़।** मौत को याद रख। अगर मौत को याद रखेगा तो इन शा अल्लाह तआला हलाकत से बचा रहेगा। दीनो ईमान सलामत ले जाएगा और इत्तेबाए

शरीअत करता रहेगा। गुनाहों से बचता रहेगा।

**ऐ अज़ीज़।** आज जाग ले मौत के बाद सुख चैन इत्मिनान व आराम की नींद सोता रहेगा। फ़रिश्ते तुझ से कहेंगे। نَمْ كَنَوْمَةِ الْعَرُوْس
सुन, सुन, सुन,

जागना है जाग ले अफ़लाक के साए तले
हश्र तक सोता रहेगा ख़ाक के साए तले

**ऐ अज़ीज़।** दुनिया पर मत रीझ, दुनिया पर वाला व शैदा होना ही खुदा से गाफ़िल होना है। दुनिया खुदा से ग़फ़लत ही का नाम है।

चेस्त दुनिया अज़ खुदा ग़ाफ़िल बुदन
ने क़ुमाश व नक़रए व फ़रज़न्दो ज़न

## पर्दे कि अहमियत

औरतें पर्दे को फ़र्ज़ जानें। हर ना मेहरम से पर्दा फ़र्ज़ है, न बे पर्दा फिरें न बे पर्दा घर में रहें। बारीक कपड़े

जिन से बदन या बाल चमके पहन कर पाइंचों से उपर का हिस्सा, पाओं के टख़्नों के उपर पिन्डली का हिस्सा और गला, सीना खोल कर या बारीक कपड़ों से नुमायाँ होने की हालत में महेज़ ग़ैर नहीं, जेठ, देवर, बहनोई भी नहीं , अपने सगे चचाज़ाद, ख़ाला ज़ाद, फूफी ज़ाद और मामूँ ज़ाद भाई के सामने होना भी हराम है, हराम है, बद अन्जाम है। मर्दों पर फ़र्ज़ है कि वो अपनी बीबियों, बेटियों, बहनों वग़ैरहा महारिम को बे पर्दगी से बचाएँ। पर्दे की ताकीद करें और हुक्म न मानने पर जिन्हें सज़ा दे सकते हैं सज़ा दें। जो मर्द अपने महारिम की बे पर्दगी की परवाह न करेगा, ग़ैर मेहरमों के सामने फिराएगा, ख़ुसूसन इस तरह के बे पर्दगी के साथ बे सतरी भी बाज़ आज़ा की हो, दय्यूस ठहरेगा। वल अयाज़ बिल्लाहि तआला।

## याराँ बकोशीद

**किए जाओ कोशिश मेरे दोस्तो**
**न कोशिश से इक आन को तुम थको**

ख़ुदा की तलब में कोशिश करते रहो, जितने हो सके

मुजाहिदे करो यक़ीने कामियाबी व कामरानी रखो। अल्लाह तआला फ़रमाता है

وَالَّذِيْنَ جَاهَدُوْا فِيْنَا لَنَهْدِيَنَّهُمْ سُبُلَنَا

"जो हमारी तलब में कोशिश करते हैं ज़रूर हम उन्हें राहें दिखाते, मक़्सूद से वासिल फ़रमाते (मिलाते) हैं।" मौला तआला तुम्हारे लिए फ़तहे हर बाबे ख़ैर बिलख़ैर फ़रमाए। उस की राह में क़दम रखते ही अल्लाह करीम के ज़िम्मए करम पर तुम्हारे लिए अज्र होगा।

وَمَنْ يَّخْرُجْ مِنْ بَيْتِهٖ مُهَاجِرًا اِلَى اللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ
ثُمَّ يُدْرِكْهُ الْمَوْتُ فَقَدْ وَقَعَ اَجْرُهٗ عَلَى اللّٰهِ

हुज़ूर पुरनूर अलैहिस्सलातु वस्सलाम फ़रमाते हैं

مَنْ طَلَبَ شَيْئًا وَّجَدَّ وَجَدَ

जो किसी शै का तालिब होगा और कोशिश करेगा पा लेगा। हदीस ही का इर्शाद है مَنْ طَلَبَ اللّٰهَ وَجَدَهٗ

हाँ हाँ बढ़े चलो बराबर बढ़े चलो, मोहब्बत व इख़लास शर्त है। पीर की मोहब्बत रसूल की मोहब्बत है। रसूल की मोहब्बत ख़ुदा की मोहब्बत है। जितनी मोहब्बत ज़्यादा होगी और जितनी अक़ीदत पुख़्ता हो उतना ही फ़ायदा ज़्यादा से ज़्यादा होगा। अगर चे पीर अज़ अहाद नास हो (आम इन्सान ही हो) वो बा कमाल न हो मगर पीर सही हो कि शराइते पीरी का जामेअ हो। सिलसिला मुत्तसिल होगा तो सरकार के फ़ैज़ से ज़रूर फ़ैज़ मिलेगा। ऐ फ़रज़न्दे तौहीद हर अम्र में तौहीद को निगाह रख।

## ख़ुदा यके व मुहम्मद ﷺ यके व पीर यके

तेरा क़िब्लए तवज्जो एक होना, एक ही रहना लाज़िम, परेशान नज़र, परेशान ख़ातिर, धोबी का कुत्ता घर का न घाट का न बन। मेहवे रज़ाए हक़ हो जा। दीनो दुनिया के हर काम इख़लास के साथ उसी के लिए कर। शरीअत की पैरवी कर, ज़ादए शरीअत की पैरवी कर, ज़ादए शरीअत से एक दम को क़दम बाहर न रखना, खाना, पीना, उठना बैठना, लेटना, सोना, जाना, आना, कहना, सुनना, लेना, देना, कमाना, सर्फ़

करना, हर काम उसी के लिए कर, उसी की रज़ा हो मद्दे नज़र। ऐ रज़वी, फ़ना फ़िर्रज़ा हो कर सरापा रज़ाए अहमदी रज़ाए इलाही हो जा। तेरा मक़सूद बस तेरा माबूद हो। उस की रज़ा ही तेरा मतलूब हो।

**फ़िराक़ो वस्ल चे ख़्वाही रज़ाए दोस्त तलब**
**है बाशद के अज़ ऊ ग़ैरे ऊ तमन्नाई**

रिया (दिखावा) से बचने की कोशिश करते रहना। हर काम इख़लास से खुदा की रज़ा के लिए ब इत्तबाए शरीअत करना। बड़ी सआदत, अज़ीम मुजाहिदा व रियाज़त है।

हमारे बाज़ मशाइख़ का इर्शाद है.

लोग रियाज़तों की हवस करते हैं। कोई रियाज़त व मुजाहिदा अरकानो आदाबे नमाज़ की रिआयत करने के बराबर नहीं। खुसूसन पाँचों वक़्त मस्जिद में नमाज़ बा जमाअत अदा करना।

# ख़त्मे क़ुरआने करीम

औलियाए कामिलीन का इर्शाद है कि बिला शुबहा तिलावते क़ुरआन बराए क़ज़ाए हवाइज (ज़रूरत पूरी होने के लिए) मुजर्रब है। जितना भी रोज़ हो सके अदब के साथ पढ़ता रहे। अगर वो इस तरह पढ़े बहुत बेहतर। जल्द इन शा अल्लाह तआला कामियाब हो। रोज़े जुमा से शुरू करो और पंज शम्बा (जुमेरात) को ख़त्म करो। रोज़े जुमा अज़ सूरए फ़ातिहा ता आख़िर सूरए माइदा, रोज़े शम्बा (सनीचर) अज़ सूरए अनआम ता आख़िर सूरए तौबा, रोज़े यक शम्बा (इतवार) अज़ सूरए यूनुस ता आख़िर सूरए मरियम, रोज़े दो शम्बा (पीर) अज़ सूरए ताहा ता आख़िर सूरए क़सस, रोज़े सेह शम्बा (मंगल) अज़ सूरए अन्कबूत ता आख़िर सूरए साद, रोज़े चहार शम्बा (बुध) अज़ सूरए ज़ुमर ता अख़िर सूरए रहमान, रोज़े पंज शम्बा (जुमेरात) अज़ सूरए वाक़िआ ता आख़िर क़ुरआन। ख़लवत में पढ़ें, बीच में बात न करें। हर मुहिम के हुसूल के लिए अलल इत्साल (मुसलसल) बारह ख़त्मे क़ुरआन को

अकसीरे आज़म यक़ीन करें।

## फज़ीलते दुरुद शरीफ़

दुरूद शरीफ़ के फ़ज़ाइलो बरकात बे शुमार अहादीस में मज़कूर हैं। यहाँ सिर्फ़ एक हदीस दर्ज की जाती है जिस से अन्दाज़ा होगा कि हुज़ूर नबी ए करीम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के दरबारे गुहरबार में हदियए दुरूद शरीफ़ पेश करना किस क़दर फ़वाइदे दुनियवी व उख़रवी को मुतज़म्मिन। हज़रत उबै बिन कअब रदिअल्लाहु तआला अन्हु फ़रमाते हैं कि मैने नबी ए करीम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से अर्ज़ किया के हुज़ूर मैं आप पर बकसरत दुरूद भेजना चाहता हूँ तो इस के लिए कितना वक़्त मुक़र्रर करूँ। हुज़ूर नबी ए करीम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया के जितना चाहो, मैने अर्ज़ किया के चौथाई वक़्त? फ़रमाया कि तुम्हारी ख़ुशी, हाँ अगर ज़्यादा करो तो तुम्हारे लिए बेहतर है। मैने अर्ज़ किया कि आधा वक़्त? फ़रमाया कि तुम्हारी ख़ुशी, हाँ अगर ज़्यादा करो तो तुम्हारे लिए बेहतर है। मैने अर्ज़ किया

कि दो तिहाई वक़्त? फ़रमाया कि तुम्हें इख़्तियार है हाँ अगर ज़्यादा करो तो तुम्हारे लिए बेहतर है। मैने अर्ज़ किया कि हुज़ूर तमाम वक़्त? तो हुज़ूर रहमते आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने इर्शाद फ़रमाया के अगर ऐसा करो तो तुम्हारे तमाम मक़ासिद (दीनी व दुनियवी) पूरे होंगे और तमाम गुनाह (ज़ाहिरी व बातिनी) मिटा दिए जाएँगे। (तिर्मिज़ी शरीफ़)

## तसव्वुरे शैख़

ख़लवत में आवाज़ों से दूर, रुख़ ब मकाने शैख़ और अगर विसाल हो गया तो जिस तरफ़ मज़ारे शैख़ हो मुतवज्जे हो कर बैठें। महज़ ख़ामोश बा अदब बकमाले ख़ुशूअ और सूरते शैख़ का तसव्वुर करे और अपने आप को उन के हुज़ूर जाने और ये ख़्याल दिल में जमाए कि सरकारे रिसालत अलैहि अफ़ज़लुस सलाति वस्सलाम से अनवारो फ़ुयूज़, शैख़ के क़ल्ब पर फ़ाइज़ हो रहे हैं और मेरा क़ल्ब, क़ल्बे शैख़ के नीचे बहालते दरयूज़ह गरी (भीक माँगने की सूरत में) लगा हुआ है।

उस में से अनवारो फ़ुयूज़ उबल उबल कर मेरे दिल में आ रहे हैं। इस तसव्वुर को बढ़ाइए यहाँ तक कि जम जाए और तकल्लुफ़ की हाजत न रहे। इस कि इन्तेहा पर सूरते शैख़ ख़ुद मुतमस्सिल (साया) हो कर मुरीद के साथ रहेगी और हर काम में मदद देगी और इस राह में जो मुश्किल उसे पेश आएगी उस का हल बताएगी।

## हर नमाज़ के बाद ये मुनाजात पढ़ें

या इलाही हर जगह तेरी अता का साथ हो
जब पड़े मुश्किल शहे मुश्किल कुशा का साथ हो

या इलाही भूल जाऊं नज़अ की तकलीफ़ को
शादिए दीदार हुस्ने मुस्तफ़ा का साथ हो

या इलाही गोरे तीरा की जब आए सख़्त रात
उनके प्यारे मुँह की सुबहे जाँफ़िज़ा का साथ हो

या इलाही जब पड़े मेहशर में शोरे दारो गीर
अम्न देने वाले प्यारे पेशवा का साथ हो

या इलाही जब ज़बानें बाहर आएँ प्यास से
साहिबे कौसर शहे जूदो अता का साथ हो

या इलाही सर्द मेहरी पर हो जब ख़ुर्शीदे हश्र
सय्यिदे बे साया के ज़िल्ले लिवा का साथ हो

या इलाही गर्मिए मेहशर से जब भड़कें बदन
दामने मेहबूब की ठंडी हवा का साथ हो

या इलाही नामए आमाल जब खुलने लगें
ऐब पोशे ख़ल्क़ सत्तारे ख़ता का साथ हो

या इलाही जब बहें आँखें हिसाबे जुर्म में
उन तबस्सुम रेज़ होंठों की दुआ का साथ हो

या इलाही जब हिसाबे ख़न्दए बे जा रुलाए
चश्मे गिर्याने शफ़ीए मुरतज़ा का साथ हो

या इलाही रंग लाएँ जब मेरी बे बाकियाँ
उन की नीची नीची नज़रों की हया का साथ हो

या इलाही जब चलूँ तारीक राहे पुल सिरात
आफ़ताबे हाशमी नूरुल हुदा का साथ हो

या इलाही जब सरे शमशीर पर चलना पड़े
रब्बे सल्लिम कहने वाले ग़म ज़ुदा का साथ हो

या इलाही जो दुआएँ नेक हम तुझ से करें
क़ुदसियों के लब से आमीन रब्बना का साथ हो

या इलाही जब **रज़ा** ख़्वाबे गिराँ से सर उठाए
दौलते बेदार इश्क़े मुस्तफ़ा का साथ हो

या इलाही ले चलें जब दफ़्न करने क़ब्र में
ग़ौसे आज़म पेशवाए औलिया का साथ हो

• • •

# अहद नामा

بِسۡمِ اللّٰهِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِيۡمِ

اَللّٰهُمَّ فَاطِرَ السَّمٰوَاتِ وَالْاَرْضِ عَالِمَ الْغَيْبِ
وَالشَّهَادَةِ اَنْتَ الرَّحْمٰنُ الرَّحِيْمُ ط اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَعْهَدُ
اِلَيْكَ فِیْ هٰذِهِ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَ اَشْهَدُ اَنْ لَّآ اِلٰهَ اِلَّا
اَنْتَ وَحْدَكَ لَا شَرِيْكَ لَكَ وَاَشْهَدُ اَنَّ مُحَمَّدًا
عَبْدُكَ وَ رَسُوْلُكَ فَلَا تَكِلْنِیْ اِلٰى نَفْسِیْ فَاِنَّكَ اِنْ
تَكِلْنِیْ اِلٰى نَفْسِیْ تُقَرِّبْنِیْ اِلَى الشَّرِّ وَتُبَاعِدْنِیْ مِنَ
الْخَيْرِ وَاِنِّیْ لَآ اَتَّكِلُ اِلَّا بِرَحْمَتِكَ فَاجْعَلْ لِّیْ عِنْدَكَ
عَهْدًا تُوَفِّيْهِ اِلَى يَوْمِ الْقِيٰمَةِ اِنَّكَ لَا تُخْلِفُ الْمِيْعَادَ
وَصَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى خَيْرِ خَلْقِهٖ مُحَمَّدٍ وَّاٰلِهٖ وَاَصْحَابِهٖ
اَجْمَعِيْنَ ط بِرَحْمَتِكَ يَا اَرْحَمَ الرّٰحِمِيْنَ ط

لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَاللّٰهُ اَكْبَرُ لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا
شَرِيْكَ لَهٗ لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ لَا اِلٰهَ
اِلَّا اللّٰهُ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهِ الْعَلِيِّ الْعَظِيْمِ

हदीस शरीफ – मय्यत के सीने में कफन के नीचे रखा जाए.
न अज़ाबे कबर हो, न मुनकर नकीर नज़र आये.
फतावा रज़वीया, जिल्द – 4, सफा – 127

---

اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَسْئَلُكَ يَا عَالِمَ السِّرِّ. يَا عَظِيْمَ
الْخَطَرِ. يَا خَالِقَ الْبَشَرِ. يَا مَوْقِعَ الظُّفَرِ. يَا مَعْرُوْفَ
الْاَثَرِ. يَا ذَا الطَّوْلِ وَالْمَنِّ. يَا كَاشِفَ الضُّرِّ وَالْمِحَنِ.
يَا اِلٰهَ الْاَوَّلِيْنَ وَالْاٰخِرِيْنَ. فَرِّجْ عَنِّيْ هُمُوْمِيْ.
وَاكْشِفْ عَنِّيْ غُمُوْمِيْ. وَصَلِّ اللّٰهُمَّ عَلٰى سَيِّدِنَا
مُحَمَّدٍ وَسَلِّمْ

# आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा की आख़री वसियत

जिस से अल्लाह व रसूल की शान में अदना तौहीन पाओ फिर वो तुम्हारा कैसा ही प्यारा क्युँ न हो फौरन उस से जुदा हो जाओ, जिस को बारगाहे रिसालत में ज़रा भी गुस्ताख़ देखो , फिर वो तुम्हारा कैसा ही बुजुर्ग मुअज्ज़म क्युँ न हो अपने अन्दर से उसे दुध से मक्खी की तरह निकाल कर फैंक दो. मैं पौने चौदह बरस की उम्र से यही बताता रहा और इस वक्त फिर यही अर्ज़ करता हूँ, अल्लाह तआला ज़रूर अपने दीन की हिमायत के लिए किसी बन्दे को खडा कर देगा मगर नहीं मालूम मेरे बाद जो आए कैसा हो और तुम्हें क्या बताए, इस लिए इन बातों को खूब सुन लो, हुज्जतुलल्लाह काइम हो चुकी.अब मैं क़ब्र से उठ कर तुम्हारे पास बताने न आउँगा. जिस ने इसे सुना और माना कयामत के दिन उसके लिए नूरो नजात है और जिस ने न माना उस के लिए जुल्मातो हलाकत.

---

AZHARI GRAPHICS (MMR) +91 8999038702